उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार–249404

संख्या : 178 / 13 / रक्षक / सीधी–भर्ती / अधि0 / 2022–23 दिनांक : 16 जून, 2023

रक्षक, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, परीक्षा–2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत **रक्षक** के रिक्त 02 पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक **16 जुलाई, 2023** को किया जाना निर्धारित था। उक्त अवधि में हरिद्वार नगर में कांवड़ यात्रा होने के कारण अभ्यर्थियों के आवागमन एवं परीक्षा के आयोजन में व्यवधान पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक **16 जुलाई, 2023** को परीक्षा का आयोजन स्थगित किया जाता है।

तद्क्रम में प्रश्नगत परीक्षा का आयोजन दिनांक **06 अगस्त, 2023 (रविवार)** को **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे** तक **हरिद्वार एवं हल्द्वानी** नगर के परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** से दिनांक **22 जुलाई, 2023** से डाउनलोड कर सकते हैं।

विज्ञापन एवं विज्ञप्ति की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

Sd/-
(अवधेश कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक।